करूँ तेरा शुक्राना | By Ashish Sharma |

जबसे होने लगा है
तेरे दर पे आना जाना
गिरने नहीं मुझको दिया
करूँ शुक्राना

ज़िंदगी थी अंधेरी बड़ी
दुख की छाया घनेरी कड़ी
चिंता दिल से निकलती न थी
खुशियाँ ढूँढे से मिलती न थी
खुशियाँ ढूँढे से मिलती न थी
कैसे भुलाऊँ बाबा
तेरा ज़िंदगी में आना
गिरने नहीं मुझको दिया
करूँ शुक्राना

साथ जब से तुम्हारा मिला
ज़िंदगी का चमन खिल गया
दुख की छाँव से भी दूर हूँ
ज़ख्म दिल का हर एक सिल गया
ज़ख्म दिल का हर एक सिल गया
एक हारते को बाबा
पल-पल तेरा जिताना
गिरने नहीं मुझको दिया
करूँ शुक्राना

मुझको तुमने संभाला है श्याम
मुश्किलों से निकाला है श्याम
वादा तुमसे हर एक करे
सारा जीवन तुम्हारे ही नाम
सारा जीवन तुम्हारे ही नाम
कब छूटे दर ये तेरा
वो दिन न तुम दिखाना
गिरने नहीं मुझको दिया
करूँ शुक्राना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-ashish-sharma/